भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1771
उत्तर देने की तारीख : 11.02.2021

एमएसएमई की स्थापना

1771. डॉ. (प्रो.) महेन्द्र मुंजपरा:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का एमएसएमई क्षेत्र के तहत गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में उद्योग/ कारखाना स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री
(श्री नितिन गडकरी)

(क) से (ग) : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) किसी भी प्रकार के उद्योग/कारखाने की स्थापना नहीं करता है। यह विभिन्न मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों और हितधारकों के सहयोग से एमएसएमई उद्यमों को सहायता प्रदान करते हुए एमएसएमई क्षेत्र की संवृद्धि और विकास को प्रोत्साहन प्रदान करके जीवंत एमएसएमई क्षेत्र की परिकल्पना प्रस्तुत करता है।

******